# हैं जन्मदिन सांवरे का | By Shyam Salona "Kota"

है जन्मदिन सांवरे का दिल बधाई दे रहा
दिल बधाई रहा जी मेरा दिल बधाई दे रहा
है जन्मदिन सांवरे का दिल बधाई दे रहा

खाटू नगरी सज रही है जैसे दुल्हन हो सजी
घर घर में बाबा के नाम की खुशियों से ताली बजी
बाँट लो मिलकर ये खुशियां दिल बधाई दे रहा
है जन्मदिन सांवरे का दिल बधाई दे रहा

पलना झूले श्याम बाबा माँ झुलाये हर घडी
होती हर पल प्रेम वर्षा जब घुमाये मोरछड़ी
नज़र उतारूं श्याम तेरी दिल बधाई दे रहा
है जन्मदिन सांवरे का दिल बधाई दे रहा

बांटने दुनिया बधाई आई तेरे द्वार पे
तन मन धन सब तुझपे अर्पण तेरे एक दीदार पे
पलके खोलो श्याम बाबा दिल बधाई दे रहा
है जन्मदिन सांवरे का दिल बधाई दे रहा

सांवरे से नज़र मिली है मेरा दिल सुध खो रहा
माया से अब मोह नहीं है, तेरा दीवाना हो रहा
सोनी खुशी से रो रहा है दिल बधाई दे रहा
है जन्मदिन सांवरे का दिल बधाई दे रहा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-shyam-salona-kota/